**आयोजन** | प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला, प्रतिभा एवं सांस्कृतिक विविधता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

# इंटर डिविजनल डांस प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन





**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा 09 फरवरी को इंटर डिविजनल डांस प्रतियोगिता 2026 का भव्य, रंगारंग एवं उल्लासपूर्ण आयोजन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की मुख्य आतिथ्य में रेल सौरभ अधिकारी क्लब में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न मंडलों से आए प्रतिभागियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला, प्रतिभा एवं सांस्कृतिक विविधता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महाप्रबंधक महोदया द्वारा आयोजन समिति, कार्मिक विभाग, मुख्यालय एवं जबलपुर मंडल को इस सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी आयोजन हेतु हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अपने उद्बोधन में शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन संगठन की रचनात्मक ऊर्जा, सकारात्मक सोच एवं आपसी समन्वय का सशक्त उदाहरण होते हैं। पश्चिम मध्य रेल केवल एक परिवहन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवंत, संवेदनशील एवं मानवीय मूल्यों से युक्त संगठन है, जिसकी वास्तविक शक्ति उसके अधिकारी एवं कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि नृत्य, संगीत, कला एवं नाट्य जैसी गतिविधियाँ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा कार्य और जीवन के बीच संतुलन स्थापित कर नई ऊर्जा का संचार करती हैं।

### प्रदान की शुभकामनाएं

प्रतियोगिता में प्रस्तुत समूह नृत्यों में एकता, सहयोग एवं सौहार्द का सुंदर समन्वय देखने को मिला। सभी कलाकारों की आत्मविश्वासपूर्ण एवं समर्पित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया तथा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का प्रेरणादायी संदेश दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को बधाई दी गई तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को अखिल भारतीय अंतर रेल नृत्य प्रतियोगिता में पश्चिम मध्य रेल का प्रतिनिधित्व करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएँ प्रदान की गईं।

### इनका रहा सहयोग

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, एस. डी. पाटीदार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं अध्यक्ष, पश्चिम मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी, राहुल श्रीवास्तव संयुक्त सचिव, सांस्कृतिक अकादमी, समस्त प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक (जबलपुर मंडल) श्री कमल कुमार तलरेजा, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

**परिणाम**

**एकल नृत्य प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान - कुमारी सुकृति असरे (जबलपुर मंडल)
द्वितीय स्थान - हिमिका मस्तकर (भोपाल मंडल)
तृतीय स्थान - कुमारी प्रियुषा शर्मा (कोटा मंडल)

**समूह नृत्य प्रतियोगिता**

प्रथम जबलपुर मंडल
द्वितीय कोटा वर्कशॉप
तृतीय कोटा मंडल

### इनका कहना है



काम से परे इन फुर्सत के पलो की बात ही निराली है।
**आत्मानंद श्रीवास्तव**
**मुख्य टिकट निरीक्षक**



मैंने कार्यक्रम का खूब लुफ्त उठाया बहुत ही मजा आया
**मयंक दिवेदी**
**कार्यालय अधीक्षक**



ऐसे रंगारंग कार्यक्रम से मन एकदम प्रफुल्लित हो जाता है बहुत ही अच्छा लगा।
**अभिराज रिमझा**
**सीनियर क्लर्क, जबलपुर**



# कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**रांझी में स्व. दादा रोहाणी की पुण्य स्मृति में 15 फरवरी तक चलेगा धार्मिक आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी जी की पुण्य स्मृति में दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति द्वारा रांझी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण में श्री शिव महापुराण कथा, श्री शिव महायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। आयोजन का आरंभ प्रथम दिवस भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसमें हजारों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की। कलश शोभायात्रा सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ा पत्थर, किशन होटल, राधाकृष्ण मंदिर, मस्ताना चौक, जैन मंदिर रोड, नरसिंह नगर कछियाना एवं सत्यम टॉवर होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा एवं कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी श्री अशोकानंद जी महाराज का आरती-श्रीफल से स्वागत किया गया। कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी अशोकानंद महाराज ने कहा कि शिव आराधना से मनुष्य को मोक्ष एवं स्वर्ग की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि 9 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 9 से 12 बजे तक रूद्री निर्माण, दोपहर 12 से 2 बजे तक भंडारा तथा दोपहर 2 बजे से श्री शिव महापुराण कथा का वाचन होगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर केंट विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकु विज, पं. प्रत्युशूल पाण्डे, पं. हरि नारायण मिश्रा, पं. महेश दत्त शास्त्री, पं. अनिल तिवारी, पं. प्रमोद तिवारी, पं. चंदन दत्त महाराज, पुष्पराज सिंह सेंगर, दामोदर सोनी, आशीष राव, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, सौरभ गोयल, गुड्डु केवट, रीना यादव, कृष्णा दास चौधरी, हेमराज सराठे, मिक्की शर्मा, हैप्पी सिंह, सुमन बर्मन, दशरथ पटेल सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### उच्च शिक्षा व कैरियर अवसरों पर मिला मार्गदर्शन

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय (स्वशासी) में बीबीए चौथे एवं छठे सेमेस्टर की छात्राओं के लिए छात्रा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब एवं रजिस्ट्रार डॉ. सतेंद्र कुररिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह आयोजन महाविद्यालय एवं भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़, इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज़, भोपाल के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कॉर्पोरेट रिलेशन्स ऑफिसर संजय मैथ्यू रहे, जिनका स्वागत प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रुति पुंज द्वारा किया गया। श्री मैथ्यू ने छात्राओं को स्नातक के बाद उच्च शिक्षा, करियर योजना, कौशल विकास एवं उद्योग की आवश्यकताओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक कांची लालन ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।



### युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने की पूर्व सांसद से मुलाकात

**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा श्री श्याम टेलर का संस्कार धानी मे प्रथम आगमन हुआ वे सिविल लाइन स्थित पचपेड़ी निवास पहुँचकर पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी से सौजन्य भेट की और उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर राजमणि सिंह बघेल, जय रोहाणी, दीपांकर बैनर्जी, मोहन शर्मा, अबीर बैनर्जी, रूपा बैनर्जी, मिताली बनर्जी, मंजूलिका बैनेर्जी उपस्थित रही।



### सफेद पाषाण के दो मंजिला जिनालय का शिलान्यास आज

**नवभारत, जबलपुर।** मंगलवार, 10 फरवरी को प्रातः 7:30 बजे डी.एन. जैन बोर्डिंग परिसर में दो मंजिला सफेद पाषाण जिनालय का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी के प्रभावशाली शिष्य, मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने मुनिसंघ की उपस्थिति में मंदिर का शुभारंभ होगा। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि यह मंदिर भगवान आदिनाथ के दरबार के रूप में स्थापित होगा और शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। शिलान्यास में राकेश जैन एडवोकेट परिवार और छोटेलाल ने विशेष सहयोग प्रदान किया। मुनि श्री ने डी.एन. जैन बोर्डिंग परिवार को आशीर्वाद देते हुए कहा कि 1913 से इस परिवार की पांचवीं पीढ़ी ने जो संकल्प दिखाया, उसकी यह परिणति है। मंदिर में तीन बेदियां, ऊपर एक वेदी और डोम तथा वाहरी चौवीसी का निर्माण होगा। कार्यक्रम का संचालन अशोक भैया ने किया, जबकि अमित पड़रिया ने चौवीसी और मंदिर निर्माण के पुण्यार्जकों के नामों की घोषणा की। प्रवक्ता अविनाश जैन और सुवोध जैन ने आगामी 25 फरवरी से 2 मार्च तक बुढ़ार (शहडोल) में होने वाले श्री 1008 जिनविंव पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव की जानकारी दी। मुनि श्री ने लोगों से दान के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि दान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना पुण्य का अवसर है, लेकिन आग्रह इतना न करें कि धर्म से ही विमुखता हो। उन्होंने क्षीण होती संवेदनाओं और मानव मन की जागरूकता पर भी विशेष बल दिया। मुनि श्री ने निष्कर्ष में कहा कि णमोकार महामंत्र सभी को जपना चाहिए, जिससे जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और आध्यात्मिक विकास होता है।

# नृत्य, नाटक और साहित्यिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**वर्तिका संस्था का 38वाँ अखिल भारतीय वार्षिकोत्सव**

**नवभारत, जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय साहित्यिक संस्था वर्तिका का 38वाँ अखिल भारतीय वार्षिकोत्सव आर्य समाज भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंहदास देवाचार्य जी महाराज एवं प्रज्ञापीठाधीश्वर माँ साध्वी विभानंद गिरि (नई दिल्ली) के सानिध्य में आयोजित हुआ।मुख्य अतिथि उमाकांत शर्मा (वरिष्ठ अधिवक्ता, अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट काउंसिल) रहे। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने की। विशिष्ट अतिथियों में अशोक मनोध्या, उमेश पिल्लई एवं अशोक 'मिज़ाज' उपस्थित रहे। संस्था की यात्रा पर प्रकाश संयोजक विजय नेमा 'अनुज' एवं अध्यक्ष संतोष नेमा 'संतोष' ने डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ आरती श्रीवास्तव के निर्देशन में समूह नृत्य से हुआ। वर्तिका महिला प्रकोष्ठ द्वारा मंचित नाटक को विशेष सराहना मिली। समारोह में साझा गीत संग्रह 'वर्तिकायन', शिवकुमार दुबे (इंदौर) की 'जीवन संग्राम' तथा संध्या अग्रवाल की 'नयी राहें' का विमोचन किया गया।

### वर्तिका अखिल भारतीय अलंकरण से सम्मानित किया

इस अवसर पर विभिन्न साहित्यिक व सामाजिक संस्थाओं को वर्तिका अखिल भारतीय अलंकरण से सम्मानित किया गया। सम्मानितजनों का परिचय राजेश पाठक 'प्रवीण' एवं आशुतोष तिवारी ने दिया। स्वागत रजनी कोठारी, यूनूस अदीब, विजेन्द्र उपाध्याय, नारायण तिवारी, देवदर्शन सिंह ने किया। कार्यक्रम का आभार अशोक सिफर ने व्यक्त किया।



# व्यंग्य पाठ से श्रोताओं को सोचने पर किया विवश

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में व्यंग्य साहित्य को समर्पित संस्था व्यंग्यम जबलपुर द्वारा मासिक व्यंग्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रतिष्ठित व्यंग्यकारों ने सामाजिक, राजनीतिक और समसामयिक विषयों पर तीखे व्यंग्य प्रस्तुत किए। गोष्ठी में आचार्य विजय तिवारी 'किसलय', सुरेश मिश्रा 'विचित्र', रमाकांत ताम्रकार, अभिमन्यु जैन, यशोवर्धन पाठक, विनोद खंडालकर, प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश दुबे ने अपने नवसृजित व्यंग्य पाठ से श्रोताओं को गुदगुदाने के साथ सोचने पर भी विवश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. कुंदन सिंह परिहार ने की। इस अवसर पर मीना पाठक, सारिका दुबे, सुयश एवं सुरभि की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रतुल श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्शन विजय तिवारी 'किसलय' ने किया। उल्लेखनीय है कि व्यंग्यम की मासिक गोष्ठियों में नए व्यंग्य पाठ की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है।



# शिवसेना के संगठन प्रमुख ने नवभारत की खबरों को सराहा

**नवभारत कार्यालय पहुंचकर उप महाप्रबंधक से की चर्चा**

**नवभारत, जबलपुर।** सोमवार को शिवसेना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व पार्षद व संगठन प्रमुख ठाणेश्वर महावर चौथा पुल स्थित नवभारत के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उप महाप्रबंधक निर्मल सिंह परिहार व स्टाफ से मुलाकात की और वर्तमान समय में पत्रकारिता की चुनौतियों के विषय पर चर्चा की। साथ ही ठाणेश्वर महावर ने नवभारत की सटीक, विश्लेषणात्मक खबरों की प्रशंसा करते हुए नवभारत अखबार को और अधिक बुलंदी पर जाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 18 को



**नवभारत, जबलपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 18 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया की अध्यक्षता में होगी। जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित और खोले गये आंगनवाड़ी केंद्रों, हिरन जल संसाधन विभाग की नहरों एवं मनरेगा के तहत अमृत सरोवरों के निर्माण कार्यों की विकासखण्डवार समीक्षा की जायेगी।

# सतत् जीवन शैली कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता : प्रो. शुक्ल

**शासकीय महाविद्यालय गढ़ा में 6 दिवसीय पर्यावरण शिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ**



**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय महाविद्यालय, गढ़ा, जबलपुर में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 6 दिवसीय कार्यशाला 'सतत् जीवन शैली' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष हिंदी, पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकौशल महाविद्यालय, जबलपुर रहे। प्रो. शुक्ल ने कहा कि सतत् जीवन शैली आज की आवश्यकता है। सुरक्षित, स्वस्थ और सुंदर पृथ्वी के लिए कम उपभोग और अधिक संरक्षण जरूरी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विभा निगम (वरिष्ठ प्राध्यापक, अर्थशास्त्र), डॉ. तृप्ति उकास (प्रशासनिक अधिकारी) एवं डॉ. संघप्रिया तिवारी (लाइब्रेरियन), महाकौशल कॉलेज उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया तथा सतत् जीवन शैली पर अपने विचार साझा किए गए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मनीषा कोल, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय गढ़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विवेक चौबे (कीड़ा अधिकारी), डॉ. रीना सोनी, डॉ. सोनमती विश्वकर्मा, डॉ. पायल श्रीवास्तव, डॉ. स्वाति मिश्रा सहित लगभग 30 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. प्रतिभा उर्मलिया रहीं एवं मंच संचालन डॉ. रंजना जैन ने किया।

**बैठक** | समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# नहरों की साफ-सफाई और रखरखाव पर दें विशेष ध्यान



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बरगी बाँध की नहरों की साफ-सफाई एवं रखरखाव की ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये हैं ताकि आखिरी छोर तक खेतों की सिंचाई के लिये बिना रुकावट के पानी पहुँच सके। सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कलेक्टर ने नहरों के रखरखाव की जरूरतों को ध्यान में रखते हुये बरगी बाँध की दाईं और बाईं तट नहर के अधिकारियों की जल्दी ही बैठक बुलाने के निर्देश भी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर ने आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों के निराकरण को प्राथमिकता देने की हिदायत अधिकारियों को दी। समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

### खनन कारोबारियों के अवैध मार्ग बंद करें

कलेक्टर ने बैठक में नहर किनारे खनन कारोबारियों द्वारा अवैध सड़क बनाकर भारी वाहनों से खनिज का परिवहन करने की मिल रही शिकायतों की भी जांच करने के निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध मार्गो को बंद कराया जाए और प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाये।

# सीवरेज सिस्टम की दक्षता बढ़ाने समिति का गठन

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को व्यवस्थित करने और उच्च न्यायालय के आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए नगर निगम द्वारा जबलपुर के समस्त मलजल शोधन संयंत्रों की कार्यक्षमता और उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक समिति का गठन किया गया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर रिट याचिका के आदेश पर 14 जनवरी 2026 बिन्दू क्रमांक 4 अनुसार जबलपुर शहर में स्थापित समस्त मलजल शोधन संयंत्रों का उपयोग दक्षता बढ़ाने, सुझाव रिपोर्ट प्रस्तुत करने समिति का गठन किया गया है, जिसमें क्रमशः अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष, प्रभारी सहायक यंत्री सीवर संजय सिंह कुशवाहा को सदस्य सचिव एवं संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, उपयंत्री सीवर अक्षय सरावगी को सदस्य बनाया है। उक्त समिति 2 दिवस के अंदर निरीक्षण कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगें।



# मतदान जागरूकता पर हुआ नवाचारी प्रशिक्षण

**स्वीप प्रशिक्षण सह शैक्षिक भ्रमण में रेवा बी.एड. कॉलेज की सहभागिता**

**नवभारत, जबलपुर।** जिला निर्वाचन साक्षरता क्लब (स्वीप) के अंतर्गत डुमना नेचर पार्क में आयोजित प्रशिक्षण सह शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में रेवा बी.एड. कॉलेज, अधारताल ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में जिले के कुल 36 महाविद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने मतदान जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़ी नवीन परिकल्पनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं नवाचारपूर्ण बताया। रेवा बी.एड. कॉलेज की ओर से नोडल अधिकारी अनुजा राजपूत एवं कैंपस एंबेसडर मानसी विश्वकर्मा की भूमिका सराहनीय एवं प्रभावशाली रही, जिन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।